राज्यपाल सचिवालय
लोकभवन, राजस्थान

शुचिता से जुड़े जन सेवा को समर्पित राजनीतिज्ञ थे पवार

राज्यपाल ने अजीत पवार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

जयपुर, 28 जनवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री श्री अजीत पवार के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनका निधन अपूरणीय क्षति है।

राज्यपाल ने कहा कि स्व. अजीत पवार लोकप्रिय जन नेता थे। वह सबको साथ लेकर चलने वाले आदर्श व्यक्तित्व थे। उन्होंने कहा कि स्व. पवार शुचिता से जुड़े जन सेवा को समर्पित राजनीतिज्ञ थे।

राज्यपाल ने ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति और उनके परिजनों को यह भारी दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है

———